वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 26.04.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",दैनिक जागरण," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

दैनिक जागरण –दि0 26.04.2026

पुलमैन ग्रुप के पांच सितारा होटल का नक्शा सिर्फ सात दिन में पास

जागरण संवाददाता, वाराणसी: शहर के विकास को नई दिशा देते हुए वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) ने तत्परता की मिसाल कायम की। शहर में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय स्तर के पुलमैन वाराणसी होटल का नक्शा सिर्फ सात दिन में पास कर दिया। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने बताया कि यह तेजी से हुई स्वीकृति न केवल निवेश को बढ़ावा देगी, बल्कि वाराणसी शहर को आधुनिक आतिथ्य सुविधाओं के केंद्र के रूप में स्थापित करने में भी काफी हद तक सहायक साबित होगी।

पुलमैन ब्रांड के तहत बनने वाला 180 कमरों का पांच सितारा होटल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। वाराणसी विकास प्राधिकरण की इस त्वरित कार्यवाही को निवेशकों के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। शहर में बड़े प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता देते हुए तेजी से अनुमोदन का प्रयास किया जा रहा है ताकि वाराणसी में इंफ्रास्ट्रक्चर और पर्यटन दोनों को मजबूती मिले। होटल न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा। यह शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मददगार साबित होगा।

सात दिन में नक्शा स्वीकृत होने पर वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा (दाएं) का आभार जताते डा. हेमंत गुप्ता (बीच में) • जागरण